पत्रिका

Mandi News: राजस्थान में यहां मंडी में आई नकली सरसों, व्यापारियों में मच गया हड़कंप

मालपुरा। कृषि उपज मंडी समिति में शनिवार को एक ट्रक में काली मिट्टी से बनी नकली सरसों के दाने से भरा ट्रक आने से व्यापारियों में हड़कंप मच गया। व्यापारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी । पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को जब्त कर ट्रक के ड्राइवर, खलासी एवं अन्य व्यक्तियों से पूछताछ शुरू की।

पुलिस ने की पूछताछ

कृषि उपज मंडी समिति में एक ट्रक में सरसों में मिलाई जाने वाली नकली माल के कट्टों से भरा ट्रक के आने एवं प्लेटफार्म नंबर तीन पर खाली होने की सूचना पर व्यापार मंडल अध्यक्ष गोविंद परतानी व व्यापारी मौके पर पहुंचे तथा इसके संबंध में जानकारी चाही, जहां पर ट्रक चालक व किसी के द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं देने पर मौके पर पुलिस को बुलाया गया ।

पुलिस को समस्त मामले की जानकारी दी। इस पर एएसआई राम नारायण मौके पर पहुंचे और ट्रक को जब्त कर चालक परिचालक एवं एक अन्य व्यक्ति से माल के संबंध में पूछताछ शुरू की। इसमें जिन-जिन व्यापारियों के माल लाया जा रहा है, वह सभी व्यापारी मंडी में सरसों की छान का कार्य करते बताए । इस पर पुलिस उन व्यापारियों से भी पूछताछ कर रही है।

Source: https://www.patrika.com/tonk-news/mandi-news-fake-mustard-came-to-the-market-here-in-rajasthan-there-was-panic-among-the-traders-18687035